राजनीतिक विशिष्ट वर्ग की विशेषताएं
(Characteristics of the Political Elite)

(मोस्का) ने अपनी रचना "The Ruling Elite", सी राइट मिल्स ने "The Power Elite" और डी. बी. बाटोमोर ने Elites and Society में विशिष्ट वर्ग की कुछ विशेषताएं इस प्रकार है,

i) छोटा सा संगठित वर्ग → असमानता प्रकृति का नियम है और किसी भी व्यवस्था में सभी व्यक्तियों के समान महत्व की बात केवल शब्दों में ही हो सकती है। वस्तुतः नहीं। वस्तुतः राजनीतिक सत्ता पर नियन्त्रण इस छोटे से विशिष्ट वर्ग का ही होता है।

सत्ता पर एकाधिकार की प्रवृत्ति → विशिष्ट वर्ग सत्ता पर एकाधिकार की प्रवृत्ति रखता है और शेष समाज पर शासन करता है। विशिष्टवर्गीय सिद्धांत के प्रतिपादकों के अनुसार यह कहना गलत है कि जनता चुनावों के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है। व्यवहार के अन्तर्गत प्रत्येक राजनीतिक दल विशिष्ट वर्ग के लोगों को ही अपना उम्मीदवार बनाता है। मतदाता के पास इसके अतिरिक्त और कोई चारा नहीं है कि वह विभिन्न शासक जनों में से किसी एक को शासक पद के लिए चुन ले। शुम्पीटर ने कहा है लोगों के केवल यह अवसर मिलता है कि वे किन्हीं खास सत्ताधारियों को हटाकर उनकी जगह दूसरे किन्हीं विशिष्ट लोगों को पदासीन कर सके।

विशिष्ट महत्व → सभी राज्य व्यवस्थाओं में अभिजन को विशिष्ट महत्व प्राप्त होता है। अभिजन वर्ग देश की राजनीतिक दशा निश्चित करता है।